जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक / जीविवि / गोपनीय / मेडीकल / 2022 / मेडीकल-378

दिनांक 25/03/22

आवश्यक सूचना

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या
सम्बद्ध वाय.व्ही.एस. महाविद्यालय गुना एवं आई.पी.एस. महाविद्यालय, ग्वालियर ,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषयः— बी.पी.एड. चतुर्थ, एम.पी.एड. द्वितीय तथा चतुर्थ सेमस्टर जून 2021 के (नियमित / भूतपूर्व / ए.टी.के.टी.) परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा , डिजरटेशन, सेमीनार, इन्टर्नशिप, मौखिक परीक्षा के अंक दिनांक 31.03.2022 तक ऑनलाईन अपडेट करने बावत्।

संन्दर्भः— म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग (मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 58 / 08 / 2022 / 38 दिनांक 25.01.2022 ।

महोदय / महोदया ,

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त (नियमित / भूतपूर्व / ए.टी.के.टी.) परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा , डिजरटेशन, सेमीनार, इन्टर्नशिप, मौखिक परीक्षा के अंक दिनांक 31.03.2022 तक एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट करने करें।

विशेष नोटः—

आप यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस / अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट नहीं करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा एवं थ्योरी परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नहीं होने की दशा में छात्र को उक्त विषय में अनुपस्थित मान कर रिजल्ट घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वयं का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य का स्वयं का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाईन आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक मान्य नही किये जावेंगे। स्थायी समिति की विशेष बैठक दिनांक 15.09.2021 के निर्णयानुसार पत्र क / एफ / अकादमी / सभा / 2021 / 904 / दिनांक 15.09.2021 के द्वारा यदि महाविद्यालय से ऑनलइन अंक प्रेषित करने में टंकण त्रुटि होती है तो सम्बधित महाविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकार्ड के साथ प्रति छात्र रूपये 1000 / —(एक हजार) अर्थदण्ड जमा कर विश्वविद्यालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते हैं। अंक ऑनलाइन भरने के पश्चात भरे हुये अंकों को वेवसाइट से प्रिंट कर प्राचार्य से प्रमाणित कराकर दो दिवस के भीतर विश्वद्यालय में आवश्क रूप से जमा करायें

25/3/22

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिः—

1. समस्त संपादक स्थानीय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2. कुलपति महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. उप. / सहा. कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0 ऑनलाइन प्रभारी की ओर आंतरिक / प्रायोगिक मूल्यांकन की परीक्षाओं के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 / उपकुलसचिव (परीक्षा / गोप0)